








# मैहर में खाकी पर चढ़ा फागुनी रंग, खेली होली

## इमली का बूटा, मीठे बेर... पर जमकर थिरके पुलिसकर्मी, उड़े रंग-गुलाल





नवभारत न्यूज

**मैहर 5 मार्च, आमजन की सुरक्षा के लिए होलिका दहन से लेकर रंगोत्सव तक पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने वाले मैहर पुलिस के जवानों ने फुर्सत मिलते ही गुरुवार को जमकर होली खेली है।**

शहरवासियों को शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के बाद, मैहर के रक्षित निरीक्षक कार्यालय में पुलिस महकमे द्वारा एक शानदार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां सख्त नजर आने वाली खाकी वर्दी रंगों के जश्न में सराबोर नजर आई।

**अधिकारियों और जवानों ने मिलकर मनाई होली-** इस होली मिलन समारोह की सबसे खास बात अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच का आत्मीय माहौल रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर, नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, मैहर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी सहित जिले के अन्य थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और इस अनुशासित मस्ती के बीच भाईचारे का संदेश दिया।

### ड्यूटी के बाद दिखा पुलिस का अलग अंदाज

होलिका दहन और धुलेंडी के दिन मैहर पुलिस अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए शहर के चप्पे-चप्पे पर तैनात थी। ड्यूटी पूरी होने और छुट्टी मिलते ही पुलिसकर्मियों का एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। गुरुवार सुबह 9.30 बजे से रक्षित केंद्र (पुलिस लाइन) में शुरू हुआ होली का यह जश्न दोपहर 12 बजे तक पूरे शबाब पर रहा। इस दौरान हवा में जमकर रंग और गुलाल उड़ाए गए।

### डीजे की धुन और 'इमली का बूटा...' पर डांस-

होली के इस खुशनुमा माहौल में डीजे की धुनों ने पुलिसकर्मियों की सारी थकान मिटा दी। जवानों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाइयां दीं और बॉलीवुड के गानों पर जमकर थिरके। खासकर मशहूर गीत इमली का बूटा, मीठे बेर, चल घर जल्दी हो गई देर... की धुन पर पुलिसकर्मियों का डांस बेहद शानदार रहा, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

# रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिला

नवभारत न्यूज

**सतना 5 मार्च, मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 04 मार्च 2026 को सुबह लगभग 03:40 बजे शीतकालीन पेट्रोलिंग के दौरान ट्रैकमैन शिन नायक ने झुकेही रेलवे स्टेशन को सूचना दी कि झुकेही-पकरिया रेलवे स्टेशन के बीच किमी 1101/13-15 अप लाइन पर लगभग 30 वर्षीय अज्ञात पुरुष मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

सूचना मिलने पर अमदरा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर द्वारा मामले की जानकारी थाना अमदरा को दी गई।

पुलिस ने मामले में मर्ग क्रमांक 12/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। थाना अमदरा पुलिस ने मृतक की पहचान संबंधी जानकारी मिलने पर थाना अमदरा के मोबाइल नंबर 9630899103 तथा बीट प्रभारी 8103512410 पर सूचना देने की अपील की है।

## स्थाई कर्मी वंचित है महंगाई भत्ते के लाभ से : पाण्डेय

**सतना।** प्रदेश के कार्यभारित आकस्मिक निधि कर्मचारी एवं छतवान वेतन मान प्राप्त स्थाई कर्मियों को सरकार ने महंगाई भत्ते का लाभ नहीं दिया है जिस कारण प्रदेश की स्थाई कर्मियों असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग करी है कि प्रदेश के स्थाई कर्मियों को भी जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते का लाभ अतिशीघ्र दिया जाए तथा एरियार भी भुगतान किया जाए मांग करने वालों में अशोक पांडे सुनील पाठक सतेंद्र पाठक भूपेंद्र पांडे चांद सिंह रामबाबू सोनी श्यामलाल विश्वकर्मा राजकुमार शुक्ला रामबाबू सोनी बैरसिया आदि दर्शनो कर्मचारी नेता शामिल है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि पहले राज्य सरकार सातवां वेतन प्राप्त कर्मचारी एवं छतवान वेतनमान प्राप्त स्थाई कर्मियों को एक साथ ही महंगाई भत्ते लाभ समान प्रतिशत के अनुसार भुगतान करने की आदेश जारी करती थी लेकिन इस बार होली त्योहार हो के बाद भी स्थाई कर्मियों को महंगाई भत्ते के लाभ से सरकार ने वंचित रखा है कर्मचारी मंच है मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से पुरजोर मांग करी है कि स्थाई कर्मियों को भी तत्काल महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी किए जाएं जिससे स्थाई कार्यों में ब्याज असंतोष का वातावरण शांत हो सके।

# बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार चक्के में फंसा

▸ हालत गंभीर होने पर रीवा रेफर, नशे में था बाइक सवार



नवभारत न्यूज

**मैहर 5 मार्च, मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां पुलिस कॉलोनी के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक सवार शुक्ला बस की चपेट में आ गया।**

दुर्घटना इतनी भयानक थी कि युवक बस के नीचे जा गिरा और उसका पैर बस के अगले चक्के में बुरी तरह फंस गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का रेस्क्यू किया और गंभीर हालत में उसे रीवा रेफर कर दिया गया है।

**ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा-** यह घटना रामनगर के वार्ड नंबर 9 स्थित पुलिस कॉलोनी के पीछे की है। जानकारी के अनुसार, सतना से मिरगौती के बीच चलने वाली शुक्ला बस (क्रमांक स्क्क 19 क्क 3192) मिरगौती से वापस रामनगर आ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। संतुलन बिगड़ने से वह सीधे बस से टकराया और पहिए के नीचे आ गया।

**चीख-पुकार मची, पुलिस ने किया रेस्क्यू-** टक्कर के बाद युवक का पैर बस के चक्के में फंस गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत रामनगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और फंसे हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाला।

### शराब के नशे में था युवक

रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि घायल की पहचान 30 वर्षीय छोटू बक्सरिया (पिता नारायण बक्सरिया) के रूप में हुई है, जो बिछिया (जिला रीवा) का निवासी है। छोटू रामनगर में अपने किसी रिश्तेदार के यहां आया था और गुरुवार को वापस रीवा लौट रहा था। थाना प्रभारी के मुताबिक, युवक शराब के नशे में था, जिसके कारण ओवरटेक करते समय यह हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल छोटू को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रीवा अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# चंद्रग्रहण के चलते बंद रहे चित्रकूट के कामतानाथ मंदिर के कपाट

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 मार्च को पड़ने वाले चंद्रग्रहण के चलते भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के कामतानाथ मंदिर समेत सभी मठ-मंदिरों में देवी-देवताओं के कपाट बंद रहे। श्रद्धालुओं को केवल निर्धारित समय पर ही दर्शन का अवसर मिला।**



कामतानाथ मंदिर के प्रधान पुजारी भरत ष्षरण दास महाराज ने बताया कि चंद्र ग्रहण के प्रारंभ होने से 9 घंटे पहले सूतक लगते है। इसमें मंदिरों के कपाट को बंद किया गया था, जो ग्रहण समाप्ति के बाद शाम करीब 7:30 बजे पुन खोले जाएंगे। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद शहर के विभिन्न मंदिरों में शुद्धिकरण की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। गंगाजल से स्नान और विधि-विधान से पूजन के उपरांत मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही नियमित आरती और पूजा-अर्चना प्रारंभ हो जाएगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सूतक काल मंगलवार को सुबह 6:20 से आरंभ हुआ। ग्रहण का स्पर्श अपराह्न 03:20 बजे होगा और मोक्ष शाम 06:47 बजे है। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 27 मिनट रहेगी।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में बनेगा प्राकृतिक खेती तकनीकी अनुप्रयोग

बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा को राज्य कृषि विकास योजना के तहत 485.00 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती तकनीकी अनुप्रयोग एवं आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी, जो क्षेत्रीय किसानों को प्राकृतिक खेती की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से प्रशिक्षित करेगा। केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक उत्तम त्रिपाठी ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 100 किसान क्षमता वाला आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहाँ किसानों को चरणबद्ध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जीवाणु खाद एवं जैव कीटनाशी उत्पादन प्रयोगशाला की स्थापना भी की जाएगी, जिससे प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाली जीवाणु खादों एवं जैव कीटनाशी उत्पादित करने एवं फसल में इनके उपयोग विधि का वेवाह्कि ज्ञान कृषको को प्रशिक्षण के माध्यम से दिया जाएगा।

# होली के उपलक्ष में सृजन नागौद की काव्य संध्या आयोजित




नवभारत न्यूज

**नागौद 5 मार्च, साहित्यिक संस्था सृजन नागौद की काव्य संध्या का आयोजन अरुण कुमार सिंह के निवास पर रामलाल सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं डा. उमाकांत गर्ग की अध्यक्षता में होली के दिन 4 मार्च को किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी अरुण कुमार सिंह ने किया।**

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। चर्चित गीतकार शैलेन्द्र सिंह शैल ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। सर्व प्रथम डॉ. उमाकान्त गर्ग ने एवं रामलाल सिंह परिहार ने होली के ऐतिहासिक सन्दर्भ एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

तत्पश्चात क्रमश: शैलेन्द्र सिंह शैल, टी पी पाण्डेय, बालेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, डॉ. यू बी सिंह, कालिका प्रसाद त्रिपाठी, बालेन्दु मिश्र एवं अजीत सिंह कुँवर ने वसन्त एवं होली पर केन्द्रित अनेक मन मोहक मुक्तक, छन्द एवं गीत सुनाकर स्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

कालिका प्रसाद त्रिपाठी ने उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर के दहिया, सुदामा सिंह, डॉ. यस यन सिंह पाल, मानवेन्द्र सिंह एवं मधुसूदन शर्मा की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

# मां शारदा मंदिर का रोपवे 10 दिनों के लिए बंद

नवभारत न्यूज

**मैहर 5 मर्च, जिले में त्रिकुट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दरबार में हाजिरी लगाने की योजना बना रहे भक्तों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण जानकारी है।**

आगामी चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर मंदिर प्रबंधन ने बड़ा निर्णय लेते हुए रोपवे सेवा को 10 दिनों के लिए पूरी तरह से रोक दिया है। आज 5 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक रोपवे का संचालन आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते पूर्णत: स्थगित रहेगा। दरअसल इस साल चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व 19 मार्च (गुरुवार) से प्रारंभ होकर 27 मार्च (शुक्रवार) तक चलेगा। मैहर की एसडीएम दिव्या पटेल ने बताया कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में देशभर से लाखों की तादाद में दर्शनार्थी मैहर पहुंचते हैं। इस भारी भीड़ के कारण रोपवे पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई भी चूक न हो, इसी को ध्यान में रखते हुए यह प्री-नवरात्रि मेंटेनेंस किया जा रहा है।

**सीढ़ियों से चढ़कर करने होंगे दर्शन-** रोपवे बंद रहने के इन 10 दिनों के दौरान, माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों को 1063 सीढ़ियों का सफर तय करना होगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शारदा एक्सप्रेस वैन सेवा लगातार उपलब्ध रहेगी। लेकिन, भक्तों को यह ध्यान रखना होगा कि वैन से जाने के बाद भी अंतिम हिस्से की कुछ दूरी उन्हें पैदल ही तय करनी पड़ेगी।

**एनडीआरएफ की हरी झंडी के बाद शुरू होगी सेवा-** एसडीएम दिव्या पटेल ने बताया कि 10 दिन के इस व्यापक मरम्मत कार्य के बाद सुरक्षा मानकों की कड़ी टेस्टिंग होगी।

## कमलेश गुप्ता को कांग्रेस शहर अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष



**रामनगर 5 मार्च,** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा एवं विधानसभा के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र कुमार सिंह की अनुशंसा पर कमलेश कुमार गुप्ता को कांग्रेस का नगर अध्यक्ष रामनगर बनाए जाने पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सिंह, जनपद अध्यक्ष मुन्नीबाई साकेत, रामनगर नगर पालिका अध्यक्ष समर सिंह अमरपाटन, कमलेश्वर पटेल, सुधीर समदारिया, गुन्ना सिंह, जगदीश प्रसाद पटेल, मुस्ताक खान, गंगा प्रसाद गुप्ता कमलेश गुप्ता, मोहम्मद सफीक, राकेश प्रधान गुप्ता, आदि कांग्रेस जनों, व्यापारियों एवं समस्त अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है।

# सेक्टर सुपरवाइजर गोरैया कला की पहल

## सेक्रेटरी सिंह ने अपनी बेटी को लगवाई HPV वैक्सीन




नवभारत न्यूज

**अमदरा 5 मार्च, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा व ब्लॉक मैहर के अंतर्गत सेक्टर गोरैया कला में एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल देखने को मिली।**

सेक्टर सुपरवाइजर गोरैया कला के सेक्रेटरी सिंह ने अपनी बेटी को एचपीवी वैक्सीन लगवाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोर बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर उन्हें सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करना है। क्षेत्र में इस पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है और इसे अन्य अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर बी एम ओ डॉक्टर पीयूष पांडे, ए एन एम श्रीमती संगीता प्रजापति व स्टॉप के लोग उपस्थित रहे।



# भूतेश्वर महादेव में शिव भक्तों ने अबीर- गुलाल चढ़ाया

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 5 मार्च, जनपद पंचायत उचेहरा के अंतर्गत होली के पावन पर्व पर बुधवार को ग्राम धनिया के भूतेश्वर महादेव में शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को लाल गुलाल और अबीर चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की।**

इस अवसर पर शिव भक्तों ने भूतेश्वर महादेव का जयकारा किया, भक्तों में मनीष बर्मन, सतीश बर्मन, साहिल बर्मन, अनमोल बर्मन, पूरन गुप्ता, विनोद गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजू किराना, मुरारजी ताम्रकार, राम प्रसाद, सखी लाल आदि शिव भक्त मौजूद रहे।

# कोठी में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां






नवभारत न्यूज

**कोठी 5 मार्च, हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह में व्यापारी संघ कोठी के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश के विख्यात कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया।**

3 मार्च को संध्याकालीन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सतना के अध्यक्ष सतीश सुखेजा के मुख्य आतिथ्य एवं मंत्री हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी के विशिष्ट अतिथि, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनमानस की गरिमामयी मौजूदगी में यह आयोजन संपन्न हुआ।

कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने कविताओं का जमकर लुफ्त उठाया, हास्य कवि नर कंकाल ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों का दिल जीत लिया वही अभिजीत मिश्रा ने ओजसी कविताओं की प्रस्तुतियां दी विकास बौंखल हास्य कवि ने कार्यक्रम का संचालन किया आयोजन समिति के द्वारा कवियों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया माल्यार्पण कर रंग गुलाल लगाते हुए सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष राम जी गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, राकेश गुप्ता, तीरथ गुप्ता, सुनील गुप्ता, रामकेश गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सहेंद्र सिंह उमेश सिंह पप्पू, विष्णुकांत शर्मा सहित नगर के अन्य नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा।

# हीरामन सिंह मदनी का निधन रैगांव विधान सभा में भाजपा की बहुत बड़ी क्षति : पुष्पराज



नवभारत न्यूज

**सतना 5 मार्च. रैगांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कोठी मंडल अध्यक्ष मदनी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच हमारे मार्गदर्शक रहे श्री हीरामन सिंह दादाभाई का हृदय गति रुकने से निधन हमारे ही भाजपा के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिसकी भरपाई फिलहाल नहीं दिखती।**

यह बात रैगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पराज बागरी ने कही। श्री बागरी ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार जनों को इस दुखद घड़ी में साहस एवं शक्ति प्रदान करें उनकी अंतिम यात्रा में पुष्पराज बागरी, यशवंत, पाण्डेय, भारत सिंह, भूपेंद्र सिंह गुलुवा, दीपक सिंह, राघवेंद्र सिंह, मिट्ठू सिंह, राजू गौतम, वीरेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, बलराम सिंह, बृजेश चौधरी, ललन सिंह, योगेंद्र सिंह, योगेंद्र शुक्ला, आकांक्षा विष्णु सिंह मंडल अध्यक्ष भर्जुना, शिवाकांत गौतम, मिथिलेश तिवारी, विजय तिवारी, राम शिरोमणि सिंह, कमलेश पाठक, राकेश सिंह, बृजेश पाठक, राजन नामदेव, रतन सिंह एवं भारी मात्रा में महिला पुरुष सम्मिलित रहे।

# चित्रकूट की 84 कोसीय परिक्रमा का जत्था पहुंचा वृंदावन धाम

## दिखा वृंदावन धाम जैसा नजारा, भंडारे में साधु-संतों सहित भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद





नवभारत न्यूज

**कोठी 5 मार्च, होली पर्व के दौरान कोठी के वृंदावन आश्रम में जब चित्रकूट की 84 कोसीय परिक्रमा कर रहे सैकड़ों साधु संतों का पहुंचे तब आश्रम में वृंदावन जैसा नजारा दिखने लगा।**

आश्रम के चारों तरफ साधु संतों का जत्था देखते ही बनता था कोई भजन कर रहा है तो कोई माला फेर रहा है तो कोई सत्संग कर रहा है तो कोई परम प्रभु श्री राम की कथा सुनने सुनाने में लगा हुआ है ऐसा दृश्य मानो की साक्षात वृंदावन धाम ही हो, और हो भी क्यों ना इसके लिए आश्रम में संपूर्ण तैयारी की जाती हैं जिसमें नगर वासियों द्वारा बड़ी उत्सुकता से साधु संतों के स्वागत में तन्मयता के साथ कार्य किया जाता है सभी नगर वासी आश्रम में अपनी इच्छा अनुसार दान देकर विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं जिसमें हजारों साधु संत सहित नगर के लोग भी प्रसाद ग्रहण करते हैं इस वर्ष यह आयोजन और धूमधाम से आयोजित किया गया जैसे ही साधु संतों का जत्था आश्रम परिसर पर पहुंचा लोगों ने उनकी अगवानी की और आश्रम पर जलपान की व्यवस्था की गई, इसके उपरांत भजन कीर्तन शुरू हुआ और दोपहर में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया आश्रम के महंत स्वामी सुदर्शनाचार्य अपने सभी शिष्यों एवं सहयोगी जनों सहित बड़ी ही शिद्दत के साथ संतों की सेवा में जुटे रहे दूसरे दिन 5 मार्च को सुबह जत्था आगे अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ।



# बच्चों ने भी किया होलिका दहन

नवभारत न्यूज

**कोठी 5 मार्च,** बुराई पर सच्चाई की जीत का प्रतीक रही होलिका दहन को बच्चों ने भी बड़ी उत्सुकता के साथ मनाया वार्ड क्रमांक 14 गुप्ता कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने गली मोहल्ले के बच्चों संग एकत्रित होकर होली की लड़कियां इकट्ठा की और फिर पूजा अर्चना करके होलिका दहन किया और सभी की सुख समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना किया, इस दौरान वैभव गर्ग, देव गर्ग, सूर्यांश गर्ग, परी सोनी, भावना गर्ग सहित अन्य बच्चे मौजूद रहे।